हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 25 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 44.6 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

**उलटबांसी** एक तरफ प्रदूषण रोकने की तैयारी तो दूसरी तरफ फैलाने का फुल इंतजाम

# वायु प्रदूषण रोकने के लिए बनेगा मॉडल रोड

» गड्ढा-मुक्त सड़कें और सफाई से सुधरेगी हवा की गुणवत्ता

» उद्योग, खेती और ट्रैफिक से होने वाले पॉल्यूशन पर सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

हवा दिखती नहीं, पर असर छोड़ जाती है। इसी अदृश्य चुनौती पर लगाम कसने के लिए मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने शुक्रवार को प्रदेशभर के उपायुक्तों के साथ वायु प्रदूषण नियंत्रण पर समीक्षा की और जमीनी कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीसी सचिन गुप्ता ने मुख्य सचिव को अवगत कराया कि शहर में एक मॉडल रोड विकसित कियार जाएगा। ये ऐसा रोड होगा, जो प्रदूषण को काफी हद तक नियंत्रित करेगा। डीसी ने बताया कि इस रोड को जून तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह मॉडल रोड महज एक सड़क नहीं होगी, बल्कि डेमो कॉरिडोर के रूप में तैयार की जाएगी। जहां धूल नियंत्रण, हरित पट्टी, नियमित सफाई और रखरखाव के मानक एक साथ दिखेंगे। मकसद साफ है कि सड़क से उड़ने वाली धूल को कम करना, जो शहर के पार्टिकुलेट प्रदूषण का बड़ा हिस्सा बनती है।

## सड़कें गड्ढा-मुक्त हो

उपायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि सभी सड़कों को गड्ढा-मुक्त किया जाए। नगर निगम को नियमित मैकेनिकल स्वीपिंग, पानी का छिड़काव और कचरा प्रबंधन सुनिश्चित करने को कहा गया है।



रोहतक। वायु प्रदूषण नियंत्रण पर समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त।

## प्रदूषण नियंत्रण के लिए सख्ती के निर्देश

प्रदूषण नियंत्रण को लेकर प्रशासन ने बहु-आयामी रणनीति अपनाई है। औद्योगिक इकाइयों पर निगरानी बढ़ाने और नियम उल्लंघन पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए कृषि क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जाएगी। वाहनों की फिटनेस व प्रदूषण जांच के साथ जागरूकता अभियान चलाए।

## शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक

रोहतक का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मौसम के अनुसार बदलता रहता है। सर्दियों में यह 200–350+ तक पहुंचकर खराब से बहुत खराब श्रेणी में रहता है, जिसका कारण ठंडी हवा और पराली जलाना होता है। गर्मियों में (एक्यूआई) 150–250 के बीच मध्यम से खराब रहता है। वहीं, मानसून में बारिश के कारण सुधार होकर 80–150 तक पहुंच जाता है।

## मॉडल रोड से प्रदूषण नियंत्रण की उम्मीद

रोहतक का एक्यूआई मौसम के अनुसार बदलता है, लेकिन स्थायी सुधार के लिए संरचनात्मक बदलाव जरूरी हैं। इसके लिए मॉडल रोड को पहला कदम माना जा रहा है। यदि यह सफल रहा तो इसे अन्य सड़कों पर भी लागू किया जाएगा। प्रदूषण को मौसमी नहीं, बल्कि डेटा, डिजाइन जरूरी है।

## मॉडल रोड बनेगा पीएम 10 नियंत्रण का आधार

पर्यावरण वैज्ञानिक मानते हैं कि रोहतक में पीएम 10 (मोटे कण) का स्तर अक्सर ऊंचा रहता है, जिसका बड़ा कारण टूटी सड़कों से उड़ती धूल, निर्माण गतिविधियां और अनियंत्रित ट्रैफिक है। ऐसे में मॉडल रोड का प्रयोग इस शहर के लिए प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट साबित हो सकता है। यानी एक ऐसा नमूना, जिसे सफल होने पर बाकी सड़कों पर दोहराया जा सके।

हरिभूमि सरोकार

# इधर, सड़क बनाने की बजाय फैला रहे प्रदूषण

» 1 किमी की सड़क वर्षों में नहीं बनी, उड़ रहे धूल के गुब्बार

» दिल्ली रोड पर वर्षों से फेफड़ों में सीधे उतर रही जहरीली हवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

शहर की लाइफलाइन दिल्ली रोड वर्षों से धूल की फैक्ट्री (प्रदूषण) बन चुका है। यहां रोज गुजरती हजारों गाड़ियां लोगों के फेफड़ों में सीधे जहर घोल रही हैं। तिलियर लेक से लेकर बाबा मस्तनाथ मठ के सामने तक महज एक किलोमीटर से भी कम सड़क का हिस्सा पिछले कई वर्षों से अधूरा पड़ा है। हालात इतने बदतर हैं कि यहां चलना किसी सजा से कम नहीं है। गत मार्च में बड़े दावों और घोषणाओं के बीच इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। उम्मीद जगी थी कि अब राहत मिलेगी, लेकिन हकीकत में काम की रफ्तार कछुए से भी सुस्त निकली। आज भी सड़क अधूरी है, गड्ढों से भरी है। एक वाहन गुजरता है, तो पीछे ऐसा धूल का बादल उठता है जैसे कोई सूखा तूफान उतर आया हो।

## धूल खाने को मजबूर

दुकानदार अजीत सिंह का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही की वजह से वह वर्षों से धूल खाने को खाने को मजबूर है। मैं ही नहीं सैकड़ों दुकानदार परेशान हैं। खांसी, सांस की तकलीफ और आंखों में जलन की शिकायतें बढ़ने की आम बात हैं। यह 'धीमा जहर' लोग गटकने को मजबूर हैं।



रोहतक। सड़क न बनने से दिल्ली रोड पर उड़ते धूल के गुब्बार। फोटो : हरिभूमि

## ठेकेदार पर हो कार्रवाई

किसान सभा के महा सचिव सुमित दलाल कहते हैं कि एक ओर सरकार पराली जलाने की एक घटना पर किसानों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कर देती है, वहीं दूसरी ओर दिल्ली रोड पर सालों से फैल रहे प्रदूषण पर कोई कार्रवाई नहीं होती। क्या प्रदूषण का पैमाना भी अब वर्ग और सुविधा के हिसाब से तय होगा। क्या आम लोगों की सेहत इतनी सस्ती है कि उसे नजरअंदाज किया जा सके।

## दावे पर सवाल

जिला प्रशासन ने अब जून तक एक मॉडल रोड तैयार करने का दावा किया है। ऐसी सड़क जहां न गड्ढे होंगे, न धूल उड़ेगी और वाहन चलने पर प्रदूषण न्यूनतम रहेगा। यह दावा सुनने में जितना आकर्षक है, जमीन पर उतना ही खोखला नजर आता है। क्योंकि जिस दिल्ली रोड पर आज लोग रोजाना प्रदूषण झेल रहे हैं, वहां एक किलोमीटर सड़क तक ठीक से नहीं बन पा रही। ऐसे में बड़े-बड़े वादे जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसे लगते हैं।

## संवेदनहीन बना प्रशासन

यह मामला सिर्फ एक सड़क की बदहाली का नहीं, बल्कि उस सोच का आईना है जहां फाइलें चलती हैं, लेकिन जिम्मेदारी नहीं। जब विकास के नाम पर शुरू हुए काम ही लोगों की सेहत पर हमला करने लगें, तो यह प्रगति नहीं, प्रशासनिक असंवेदनशीलता का खुला ऐलान है। दिल्ली रोड की हालत बताती है कि योजना बनाना आसान है, लेकिन उसे जमीन पर ईमानदारी से उतारना शायद सिस्टम की प्राथमिकता में नहीं रहा। ठेकेदार की सुस्ती किसी से छिपी नहीं, लेकिन उससे भी बड़ा सवाल यह है कि निगरानी करने वाले अधिकारी आखिर किस भूमिका में हैं। क्या उन्हें रोज उड़ती धूल नहीं दिखती, क्या लोगों की खांसी और आंखों में जलन की शिकायतें उनके कानों तक नहीं पहुंचतीं, या फिर सब कुछ जानकर भी अनदेखा करना ही व्यवस्था का नया नियम बन गया है।

**परिजनों का अस्पताल में हंगामा**



सीआईए-2 ने रात को उठाया था रिटौली के नरेश को

# पुलिस की हिरासत में युवक की मौत

- परिजनों का अस्पताल में हंगामा, बोले-पूछताछ में लगी गंभीर चोटें
- पुलिस का दावा, पहले मिर्गी का दौरा पड़ा, फिर हार्ट अटैक
- अस्पताल ले जाया गया तो इलाज के दौरान गई जान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

रोहतक में पुलिस हिरासत में एक युवक की मौत का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया। रिटौली गांव निवासी नरेश को सीआईए-2 टीम ने शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे पूछताछ के लिए उठाया था। इसके करीब एक घंटे बाद ही उसे अचेत अवस्था में मेडिकल मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच गए और हंगामा किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने पूछताछ के दौरान नरेश के साथ सख्ती बरती, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और यही उसकी मौत का कारण बनीं। उनका कहना है कि युवक को सही हालत में घर से ले जाया गया था, लेकिन एक घंटे में ही उसकी हालत कैसे बिगड़ गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर में तनावपूर्ण माहौल बन गया। परिजन पुलिस के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठार रहे हैं। आरोप है कि पुलिस सच्चाई छिपाने की कोशिश कर रही है।

## पुलिस ने परिजनों के आरोप को किया खारिज

पुलिस अधिकारियों ने परिजनों के आरोपों को खारिज किया है। सीआईए-2 के अनुसार, पूछताछ के दौरान युवक को अचानक मिर्गी का दौरा पड़ा, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। पुलिस का दावा है कि तुरंत उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां उसे हार्ट अटैक आया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच की बात कह रही है, जबकि परिजन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और निष्पक्ष जांच की मांग पर अड़े हैं। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव बना हुआ है और प्रशासन स्थिति पर नजर रखे हुए है। देर रात नरेश के शव को पीजीआई भिजवा दिया गया है। शनिवार को सुबह पोस्टमार्टम होगा, तभी मामले का पटाक्षेप हो पाएगा।



# सांपला नपा चुनाव के लिए आज पर्चा दाखिल करने का अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर पालिका सांपला के आम चुनाव को लेकर चुनावी हलचल तेज हो गई है। रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडलाधीश अंकिता पंवार ने जानकारी दी कि प्रधान व वार्ड सदस्यों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल निर्धारित है। इस दिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवार अपने नामांकन जमा कर सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन शुक्रवार को प्रधान पद के लिए 5 और वार्ड सदस्यों के लिए 31 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। अब तक कुल 10 प्रत्याशी प्रधान पद के लिए और 43 प्रत्याशी सदस्य पद के लिए चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। इससे स्पष्ट है कि इस बार चुनाव में कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है।

### 13 को घोषित होंगे परिणाम

चुनावी कार्यक्रम के अनुसार 27 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 28 अप्रैल को नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होगी। उसी दिन चुनाव चिन्हों का आवंटन भी किया जाएगा। मतदान 10 मई को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होगा और 13 मई को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। प्रशासन ने शिकायतों के त्वरित समाधान व पारदर्शिता के लिए एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया है।

रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि चुनाव को पारदर्शी व निष्पक्ष बनाने के लिए सामान्य, पुलिस और खर्च पर्यवेक्षक सांपला पहुंच चुके हैं। ये सभी अधिकारी 25 अप्रैल से प्रतिदिन सुबह 11 से 12 बजे तक पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में शिकायतें सुनेंगे।

## भाजपा प्रत्याशी प्रवीन ने जोरदार शक्ति प्रदर्शन से किया नोमिनेशन

# नामांकन के लिए काफिलों के साथ पहुंचे उम्मीदवारों ने दिखाया पूरा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

नगरपालिका चुनाव के चलते सांपला में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं और नामांकन प्रक्रिया अब निर्णायक मोड़ की ओर बढ़ती नजर आ रही है। शुक्रवार को नामांकन के चौथे दिन चेयरमैन पद के लिए दो पूर्व चेयरमैन समेत पांच उम्मीदवारों ने अपने पर्चे दाखिल किए। इसके साथ ही इस पद के लिए कुल प्रत्याशियों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। नामांकन दाखिल करने वालों में पूर्व चेयरमैन प्रवीण कोच, सुधीर ओहल्यान, शमशेर सिंह, मनजीत और सुशील कुमार शामिल रहे। इससे पहले भी पांच उम्मीदवार मैदान में उतर चुके हैं, जिससे मुकाबला अब बहुकोणीय और रोचक बनता जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रवीण कोच ने जोरदार शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन किया। इस दौरान उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, मेयर रामावतार बाल्मिक और जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका समेत कई नेता और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। समर्थकों का काफिला जुलूस के रूप में लघु सचिवालय तक पहुंचा, जिससे पूरे शहर में चुनावी माहौल चरम पर दिखाई दिया। अन्य प्रत्याशियों ने भी अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर नामांकन भरा और अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया।


सांपला। पूर्व चेयरमैन प्रवीण कोच का नामांकन करवाते प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व अन्य नेता। फोटो :हरिभूमि

### जुलूस से शहर में बनी जाम की स्थिति

नामांकन के दौरान निकले काफिलों ने शहर की यातायात व्यवस्था को भी प्रभावित किया। दोपहर की तेज गर्मी के बीच पुरानी अनाज मंडी से लेकर खरखोदा रोड और मुख्य बाजार तक लंबा जाम लगा रहा। चेयरमैन और पार्षद पद के उम्मीदवारों के समर्थकों के काफिलों के कारण दिनभर लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।

# मेट्रो के वादे और ट्रिपल इंजन का दम सांपला में भाजपा की चुनावी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

■ प्रवीण कोच के नेतृत्व में विकास को रफ्तार देने का दावा, जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

नगरपालिका चुनाव को लेकर सांपला में सियासी सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। भाजपा ने नामांकन से पूर्व पुरानी अनाज मंडी में विशाल जनसभा कर चुनावी बिगुल फूंक दिया। इस शक्ति प्रदर्शन के जरिए भाजपा ने साफ संकेत दिया कि वह पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतर चुकी है। जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली ने कहा कि पूर्व सांसद एवं वर्तमान मंत्री अरविंद शर्मा द्वारा सांपला तक मेट्रो लाने के प्रयास अब अंतिम चरण में हैं और जल्द ही यह परियोजना साकार होगी। उन्होंने इसे क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि इससे सांपला की तस्वीर बदलने वाली है। बड़ोली ने ट्रिपल इंजन सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा ही विकास की गारंटी है। उन्होंने जल निकासी, सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर कहा कि इन समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि गरीब, किसान और युवाओं के हित में निरंतर कार्य हो रहा है। अरविंद शर्मा ने चेयरमैन प्रत्याशी की सराहना करते हुए कहा कि उनका सेवा भाव और समर्पण सांपला की जनता के प्रति साफ दिखाई देता है।

# संस्थाओं व होटल संचालकों को 27 तक देनी होगी कूड़ा निस्तारण की जानकारी

## एमडीयू, पीजीआई समेत अन्य संस्थाओं ने निगम के साथ किया एग्रीमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ अवैध रूप से कूड़ा डंप करने पर होगा 50000 का चालान

शहर में सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार हेतु नगर निगम निरंतर प्रयासरत है। कूड़ा प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में निगम द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी की अध्यक्षता में प्रतिदिन बल्क वेस्ट जनरेटर्स द्वारा उत्पन्न कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण को लेकर एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है तथा सभी को स्पष्ट किया जा चुका है कि सभी नगर निगम के साथ विधिवत एग्रीमेंट करें अथवा यदि उन्होंने अपने स्तर पर कचरा निस्तारण हेतु प्लांट स्थापित किया हुआ है, तो उसकी विस्तृत जानकारी 27 अप्रैल तक निगम कार्यालय में उपलब्ध कराएं। नगर निगम की टीम द्वारा भी व्यवस्था की जांच की जाएगी। निर्धारित समय सीमा के उपरांत नियमों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा कोई भी वाहन अथवा संस्था कचरे को इधर-उधर अवैध रूप से कूड़ा डंप करते हुए पाये जाने पर 50000 रुपये तक का चालान किया जाएगा व नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी जिसके लिए सम्बन्धित स्वयं जिम्मेदार होंगें। बल्क वेस्ट जनरेटर (जैसे होटल, हास्पिटल, बैंक्वेट हॉल, रेस्टोरेंट, स्कूल, कालेज, बड़े संस्थान आदि) को निगम द्वारा चिन्हित किया जा चुका है तथा निरंतर बैठक आयोजित की जा रही है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय व पी.जी.आई.एम.एस. सहित 16 बड़े-बड़े संस्थानो द्वारा कूड़े के निस्तारण हेतु एग्रीमेंट (अनुबंध) किया जा चुका है। बल्क वेस्ट जनरेटर द्वारा नियमानुसार अपने स्तर पर कचरा निस्तारण किया जाना होता है या किसी तृतीया एजेन्सी से कूड़े का निस्तारण करवाना होता है। यदि कोई बल्क वेस्ट जनरेटर अपने स्तर पर कचरे का निस्तारण करने में सक्षम नहीं है, उनके लिए नगर निगम द्वारा सुविधा प्रदान की जा रही है।


रोहतक। मीटिंग लेते संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी। फोटो : हरिभूमि

### 1155 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर निर्धारित

कूड़े का नियमानुसार निस्तारण करवाने के लिए नगर निगम के साथ विधिवत एग्रीमेंट (अनुबंध) कर सकता है। कूड़े के वैज्ञानिक निस्तारण हेतु नगर निगम द्वारा 1155 रूपये प्रति मीट्रिक टन की दर निर्धारित की गई है, जिसके अनुसार कचरे का प्रोसेसिंग कार्य किया जाएगा। निगम द्वारा कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जाये कि संबंधित संस्थान से कितना कचरा उठाया गया तथा कूड़ा निस्तारण प्लांट पर कितना कूड़ा पहुंचाया गया है। इससे कूड़ा इधर-उधर डालने वालो की पहचान की जा सकेगी व शहर में गंदगी के ढेर कम होंगें।

### ये हैं बड़े-बड़े संस्थान इनमें 220 से ज्यादा होटल

आईआईएम रोहतक, दादा लख्मीचंद विश्वविद्यालय, बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, जाट कॉलेज, नेकिराम कॉलेज, आईसी कॉलेज, जेड ग्लोबल स्कूल, स्कालर रोजरी स्कूल, जन सेवा संस्थान, सिघांसन व रियाज होटल, द केटेलिना होटल, रिवोली होटल समेत शहर में अनेक संस्थाएं है जो कि बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में आते है। हालांकि अभी तक 14 संस्थाएं ही आगे आई है, जिन्होंने अपना निगम के साथ एग्रीमेंट किया है।

### सांपला में प्रचार स्थल निर्धारित, आचार संहिता पालन के निर्देश

**रोहतक।** नगर पालिका सांपला के आम चुनाव 2026 को लेकर प्रशासन ने चुनाव प्रचार को व्यवस्थित और नियंत्रित रखने के लिए अहम कदम उठाया है। रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडलाधीश अंकिता पंवार ने बताया कि प्रत्याशियों के लिए पोस्टर चस्पा करने, नुक्कड़ सभाएं आयोजित करने और रैलियां निकालने हेतु निर्धारित स्थल चिन्हित कर दिए गए हैं। सभी उम्मीदवारों को निर्देश दिए गए हैं कि वे केवल तय स्थानों का ही उपयोग करें और चुनाव आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। प्रशासन द्वारा चुनाव सामग्री चस्पा करने के लिए कुल 16 स्थान निर्धारित किए गए हैं। इनमें राय स्मारक के पास नगर पालिका भूमि, बेरी चौक, परशुराम बारात घर के समीप फिरनी गली, शिव मंदिर क्षेत्र, नई अनाज मंडी चौक, पुराना डाकघर, बस स्टैंड झज्जर रोड, रेलवे स्टेशन रोड, खरखौदा रोड टी-प्वाइंट, अग्रसेन चौक, दतौड़ रोड व गिझी रोड पर रेलवे क्रॉसिंग, दादा देव मंदिर, अंबेडकर सामुदायिक केंद्र (वार्ड-8) तथा पंजाबी सामुदायिक केंद्र शामिल हैं। नुक्कड़ सभाओं के लिए वार्ड-5 का सामुदायिक केंद्र, अंबेडकर भवन (वार्ड-8), पंजाबी चौपाल (वार्ड-10), एनएच सर्विस रोड के पास सामुदायिक केंद्र, वार्ड-12 का सामुदायिक केंद्र और वार्ड-15 का परशुराम सामुदायिक केंद्र शामिल हैं। रैलियों के लिए वार्ड-10 स्थित स्टेडियम ग्राउंड व झज्जर रोड फ्लाईओवर के पास शिरशली आश्रम निर्माणी ग्राउंड निर्धारित किए गए हैं।

## न्यूज डायरी


रोहतक। अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन करते नगर निगम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### निगम कर्मियों का सरकार के खिलाफ 'झाड़ू प्रदर्शन'

**रोहतक।** नगर निगम के प्रांगण में शुक्रवार को सफाई कर्मचारियों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने हाथों में झाड़ू लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की और निगम कार्यालय से भिवानी स्टैंड तक रोष मार्च निकाला। इस प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई प्रधान शंभू टॉक ने की। इकाई सचिव राकेश चावरिया और कोषाध्यक्ष राजपाल टॉक ने संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं को लगातार अनदेखा किया जा रहा है, जिससे उनमें भारी रोष है। इस प्रदर्शन में जिला कोषाध्यक्ष रवि चढ़ा, जगदीश दरोगा, सतपाल दरोगा, बलबीर दरोगा, आजाद दरोगा, रमेश दरोगा, गुलशन दरोगा, संजीव दरोगा, नरेंद्र दरोगा, अनूप दरोगा, शंकर दरोगा, पुनीत दरोगा, सुरेंद्र दरोगा, सुभाष, कमल राणा, सतपाल, रोहित, भीम, राजेश बागड़ी आदि मौजूद रहे।


रोहतक। आयोजित शिविर में रक्तदाता को बैज लगाते उपआचार्य बाबा कपिल पुरी महाराज व पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर। फोटो : हरिभूमि

### मानव एकता दिवस पर 140 यूनिट रक्त एकत्रित

**रोहतक।** सन्त निरंकारी मिशन द्वारा युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह महाराज की स्मृति में मानव एकता दिवस के अवसर पर देशभर में परोपकार की लहर देखी गई। इसी कड़ी में रोहतक के सेक्टर-4 स्थित सत्संग भवन में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने 140 यूनिट रक्त दान कर मानवता के प्रति अपना कर्तव्य निभाया। शिविर का शुभारंभ पीजीआईएमएस रोहतक की मेडिकल टीम और रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दिल्ली से पधारे ज्ञान प्रचारक महात्मा गगन भाटिया ने कहा कि आज समाज को नफरत की दीवारों की नहीं, बल्कि प्रेम के पुलों की आवश्यकता है। उन्होंने बाबा हरदेव सिंह के अमर संदेश रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं को दोहराते हुए युवाओं को समाजसेवा के लिए प्रेरित किया।



### जेपी स्कूल में नकुल ब्वॉय व इशिका बनी हेड गर्ल

**रोहतक।** जेपी इंटरनेशनल स्कूल में 24 अप्रैल को उत्साह और गरिमा के साथ अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नई छात्र परिषद की घोषणा करते हुए नकुल को हेड ब्वॉय और इशिका को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। साथ ही हाउस कैप्टन्स व अन्य परिषद सदस्यों को उनके कर्तव्यों के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई। समारोह के साथ ही विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो भारत विकास परिषद की अर्जुन शाखा के सहयोग से संपन्न हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए ड्राइंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी संदेश दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मनोज बहल, एडवोकेट गुलशन कुमार ललित, अमान अत्री और गौरव मलिक सहित गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। चेयरमैन राजीव मलिक ने छात्र परिषद को बधाई देते हुए अनुशासन और नेतृत्व को सफलता की कुंजी बताया।

## न्यूज डायरी



### फुटवियर डिजाइन व प्रोडक्शन पर किया जागरूक

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखन माजरा में प्लेसमेंट सेल एवं गृह विज्ञान विभाग के तत्वावधान में फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट (एफडीडीआई) द्वारा करियर मार्गदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के प्रतिनिधि अमित सैनी (सीनियर डिजाइनर फैशन डिजाइनिंग) ने छात्राओं को विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं करियर संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने एफडीडीआई में संचालित प्रमुख कोर्स जैसे बी.डेस. (फुटवियर डिजाइन एंड प्रोडक्शन), बी.डेस. (फैशन डिजाइन) तथा एमबीए (रिटेल एवं फैशन मर्चेंडाइजिंग) के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही प्रवेश प्रक्रिया, पात्रता मानदंड और रोजगार के अवसरों पर भी प्रकाश डाला गया।



### हिसार में 27 को दुष्यंत चौटाला करेंगे महापंचायत

**रोहतक।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश की मौजूदा प्रशासनिक और शैक्षणिक व्यवस्था के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को रोहतक में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने ऐलान किया कि छात्र हितों की रक्षा और युवाओं की आवाज बुलंद करने के लिए 27 अप्रैल को हिसार के क्रांतिमान पार्क में एक विशाल युवा महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत के दौरान दुष्यंत चौटाला ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के विश्वविद्यालयों में एक विशेष राजनीतिक विचारधारा को थोपने का प्रयास किया जा रहा है।



### मांगों को लेकर विधायक-मंत्रियों का घेराव करेंगे: हुड्डा

**रोहतक।** हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की राज्यव्यापी हड़ताल शुक्रवार को 17वें दिन में प्रवेश कर गई। इस दौरान कर्मचारियों ने आंदोलन को और तेज करने का बिगुल फूंक दिया है। राज्य कमेटी के निर्णय के अनुसार, 22 से 25 अप्रैल तक प्रदेश के सभी 90 विधायकों और मंत्रियों को मांग पत्र सौंपा जाएगा। समाधान न होने पर 27 अप्रैल से सभी केंद्रों पर क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की जाएगी। जिला प्रधान सोनू हुड्डा ने कहा कि फरीदाबाद के शहीद कर्मियों भवीचंद शर्मा प रणवीर सिंह को शहीद का दर्जा, आश्रितों को एक करोड़ रुपये मुआवजा, सरकारी नौकरी पर लिखित पत्र जारी नहीं होता, हड़ताल खत्म नहीं होगी

# जीडी गोयनका टॉडलर हाउस में विश्व धरा दिवस पर विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

जीडी गोयनका टॉडलर हाउस सनसिटी में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के निदेशक बलराज सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। वहीं प्रधानाचार्या मधुबाला ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ मिलकर पौधे लगाए और सभी को धरती मां के संरक्षण हेतु एकजुट होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। इस दौरान विद्यालय में कई सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियां हुईं। विद्यार्थियों ने भाषण, नृत्य, लघु नाटिका, पोस्टर मेकिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का महत्व प्रस्तुत किया। जूनियर वर्ग के बच्चों ने पर्यावरण विषय पर आधारित आकर्षक परिधान पहनकर सभी का ध्यान आकर्षित किया और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया।



### पंचायती राज दिवस पर सशक्तिकरण का दिया संदेश

**रोहतक।** डीसी सचिन गुप्ता ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण भारत की वह जड़ हैं, जिनसे विकास का पूरा वृक्ष खड़ा होता है। इन संस्थाओं के सशक्तिकरण से ही गांवों का समग्र और सतत विकास संभव है। वे शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि सशक्त पंचायत, सर्वांगीण विकास केवल नारा नहीं, बल्कि शासन का वह मॉडल है जिसमें निर्णय गांव की चौपाल से निकलकर विकास की राह तय करते हैं। पंचायतों को आत्मनिर्भर, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है, ताकि योजनाओं का लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। डीसी ने बताया कि वर्ष 1993 में लागू हुए 73वां संविधान संशोधन ने पंचायतों को संवैधानिक दर्जा देकर लोकतंत्र की जड़ों को गहराई दी।

### एचएसडीआरएफ ने की रोहतक पुलिस के साथ बैठक



**रोहतक।** पुलिस लाइन में एचएसडीआरएफ टीम द्वारा पुलिस के जवानों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाढ़, भूकंप और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। एचएसडीआरएफ टीम प्रभारी मोहित शर्मा ने पुलिस के 40 प्रशिक्षित जवानों के साथ संयुक्त प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य में किसी भी प्रकार की आपदा आने पर कम से कम समय में आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

### शिविरों की लंबित शिकायतें एक सप्ताह में होंगी हल

**रोहतक।** डीसी सचिन गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि वर्ष 2024 के समाधान शिविरों से जुड़ी सभी लंबित शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। ये शिकायतें मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र में आय संशोधन से संबंधित हैं, जो पुनः खुलने के बाद अब प्राथमिकता पर निपटाई जा रही हैं। समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर शिकायत को "फाइल" नहीं, बल्कि "परिवार की कहानी" समझकर हल किया जाए। हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को इन शिकायतों की वर्चुअल समीक्षा की जाती है, जिसमें प्रगति की बारीकी से जांच होती है। उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे सीएम विंडो, समाधान शिविर, जनसंवाद, एसएमजीटी और सीपीग्राम्स जैसे पोर्टलों पर प्राप्त शिकायतों का तय समय सीमा में निपटारा सुनिश्चित करें।

**परेशानी** नगर निगम के पास काम पूरा होने की नहीं है समय सीमा

## बोहर गांव में सीवरेज सिस्टम निर्माण में कमी के चलते अल्प समय में धंसी सीवर लाइन

# सेक्टर-29 रोड की एक साइड महीनों से बंद, सीवर मरम्मत के कारण चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ काम की धीमी रफ्तार ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

सेक्टर-29 से गुजरने वाले सोनीपत-दिल्ली रोड की एक साइड पिछले तीन-चार महीनों से बंद पड़ी है, जिससे शहर के यातायात पर सीधा असर पड़ रहा है। इस मार्ग पर गहरे सीवर की मरम्मत का काम जारी है, लेकिन इसकी धीमी रफ्तार ने लोगों की मुश्किलों को लंबा खींच दिया है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि नगर निगम के पास अब तक काम पूरा होने की कोई स्पष्ट समय-सीमा नहीं है। बताया जा रहा है कि बोहर क्षेत्र में स्थापित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़े सीवरेज सिस्टम में खामियां सामने आई थीं। निर्माण में कमी के चलते सीवर लाइन अल्प समय में ही धंस गई, जिसके कारण सड़क का हिस्सा भी प्रभावित हुआ। इसके बाद मरम्मत कार्य शुरू किया गया, लेकिन तकनीकी जटिलताओं और धीमी कार्यप्रणाली के चलते यह काम अब तक अधूरा है।

### आपात स्थिति में देरी चिंता का कारण

इस सड़क की एक साइड बंद होने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहले यह मार्ग ट्रैफिक से बचने के लिए एक आसान विकल्प माना जाता था। सेक्टर-29 से होकर लोग बोहर गांव के पीछे से निकलते हुए बिना जाम में फंसे सीधे दिल्ली रोड तक पहुंच जाते थे। अब इस सुविधा के खत्म होने से अन्य मार्गों पर दबाव बढ़ गया है और जाम की स्थिति आम हो गई है। विशेष रूप से उन लोगों को ज्यादा दिक्कत हो रही है, जो सोनीपत से रोहतक स्थित पीजीआईएमएस में अपने मरीजों से मिलने आते हैं। निजी वाहनों से आने वाले परिजनों को अब लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है, जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी हो रही है। कई बार आपात स्थिति में यह देरी गंभीर चिंता का कारण बन रही है।

### आगामी दिनों में बढ़ेगी समस्या

गांव गढ़ी बोहर के सत्यवान नांदल का कहना है कि यदि समय रहते इस कार्य को पूरा नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में समस्या और बढ़ेगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा कराया जाए और जब तक सड़क पूरी तरह से बहाल नहीं होती, तब तक ट्रैफिक प्रबंधन को बेहतर बनाया जाए। बताया जा रहा है कि सीवर की गहराई और तकनीकी समस्याओं के कारण काम में समय लग रहा है, लेकिन प्रयास किया जा रहा है कि इसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए। फिलहाल, शहर की रफ्तार इस अधूरे काम के कारण सुस्त पड़ गई है और लोग राहत का इंतजार कर रहे हैं।

### रजवाहे की क्षमता और उसके रखरखाव में बरती जा रही ढिलाई

# सड़कों पर बह रहा 'अमृत', जलघर तक पानी न पहुंचने से जनता बेहाल

**सोनीपत रोड पर ओवरफ्लो रजवाहा व अधूरी पाइपलाइन से मुसीबत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। सड़क पर बहता पानी। फोटो : हरिभूमि

सोनीपत रोड पर जन स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही के कारण आज हजारों लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। विडंबना यह है कि एक ओर जहां शहर के लोग प्यासे हैं, वहीं दूसरी ओर जलघर तक पहुंचने वाला लाखों लीटर साफ पानी रजवाहा ओवरफ्लो होने की वजह से सड़कों पर बर्बाद हो रहा है। अधूरी पाइपलाइन भी इसका मुख्य कारण है। रजवाहे की क्षमता और उसके रखरखाव में बरती जा रही ढिलाई के कारण पानी जलघर के स्टोरेज टैंकों तक पहुंचने से पहले ही मुख्य मार्ग पर फैल जाता है, जिससे पूरी सड़क पर जलभराव हो गया है।

इस जलभराव के कारण न केवल राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि सरकारी संपत्ति और सड़क की हालत भी खस्ता होती जा रही है। जलघर तक पर्याप्त पानी न पहुंच पाने का सीधा असर शहर की जलापूर्ति पर पड़ रहा है। विभाग की इस सुस्ती की वजह से घरों की टोंटियां सूखी पड़ी हैं और लोग अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस संकट ने निजी टैंकर माफियाओं की चांदी कर दी है। मजबूरन लोगों को भारी भरकम रकम चुकाकर बाहर से पानी के टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं, जिससे मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों के बजट पर गहरा असर पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन को बार-बार सूचित करने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है और अधिकारी केवल कागजी कार्रवाई तक ही सीमित हैं।

**हरिभूमि मुद्दा**

### तकनीकी खामी दूर करने के लिए लग रहा है समय

इस पाइपलाइन को प्रपोजल चंडीगढ़ भेजा गया है, वहां से इसे अप्रूवल भी मिल चुकी है। लेकिन कुछ तकनीकी खामी दूर करने के लिए समय लग रहा है। जल्द ही यहां की पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू करवाया जाएगा। ताकि इस तरह से पानी सड़क पर न आ सकें।
-शिवराज सिंह, अधीक्षण अभियंता, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग

### तकनीकी सुधार व निर्माण कार्य ही समस्या का स्थायी समाधान

इस समस्या का स्थायी समाधान केवल तकनीकी सुधार और नए निर्माण कार्य में ही निहित है। जानकारों और प्रभावित लोगों का कहना है कि जब तक रजवाहे के स्थान पर एक सुरक्षित और पक्की अंडरग्राउंड पाइपलाइन नहीं दबाई जाएगी, तब तक यह ओवरफ्लो की समस्या खत्म नहीं होगी। खुले रजवाहे में गंदगी गिरने और पानी के रिसाव के कारण वैसे भी पानी की गुणवत्ता प्रभावित होती है, ऐसे में पाइपलाइन बिछाना अनिवार्य हो गया है। पाइपलाइन बिछने से न केवल पानी की बर्बादी रुकेगी, बल्कि जलघर तक पानी का प्रेशर भी बना रहेगा जिससे अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को भी नल से पानी मिल सकेगा।

**जन स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी नहीं हो रहा समस्या का समाधान**

### आवागमन करने वाले लोगों में भारी रोष

क्षेत्र के लोगों में विभाग के खिलाफ भारी रोष है। उनका कहना है कि सरकारी लापरवाही की सजा आम जनता को क्यों दी जा रही है। एक तरफ सरकार जल संरक्षण के बड़े-बड़े वादे करती है, वहीं दूसरी तरफ उनकी नाक के नीचे हो रही इस बर्बादी पर कोई लगाम नहीं है। लोगों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पाइपलाइन दबाने का कार्य शुरू नहीं किया गया और जलापूर्ति सुचारू नहीं हुई, तो वे सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।

## केवल भावनात्मक अभिव्यक्ति नहीं, भारतीय भक्ति परंपरा की आत्मा हैं सूरदास की रचनाएं

- बाबा मस्तनाथ विवि में 'सूरदास की प्रासंगिकता' पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के मानविकी संकाय अंतर्गत हिंदी विभाग द्वारा सूरदास जयंती के अवसर पर "सूरदास की प्रासंगिकता" विषय पर एक विचारोत्तेजक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मधुकांत ने अपने संबोधन में कहा कि सूरदास की रचनाएं केवल भावनात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि भारतीय भक्ति परंपरा की आत्मा हैं। उन्होंने बताया कि सूरदास ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, वात्सल्य भाव और भक्ति को अत्यंत सरल और संवेदनशील भाषा में प्रस्तुत किया, जो आज भी जनमानस को गहराई से प्रभावित करता है। उन्होंने वर्तमान भौतिकवादी दौर में सूर साहित्य की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह साहित्य व्यक्ति को मानसिक शांति, प्रेम और आत्मबोध की दिशा में प्रेरित करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मानविकी संकाय के अधिष्ठाता प्रो. बीके झा ने सूरदास के जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सूरदास की दृष्टि गहन मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण थी और उनकी रचनाओं में भक्ति व नैतिक मूल्यों का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है, जो आज की युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक है। इस अवसर पर श्याम लाल कौशल सहित अन्य अतिथियों को सम्मानित किया गया।

## बदलती जीवनशैली, अनियमित खान-पान और तनाव कैंसर जैसी बीमारियों के प्रमुख कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



- रोटरी क्लब ऑफ रोहतक ने 'कैंसर से बचाव के लिए जीवनशैली' विषय पर किया सेमिनार

रोटरी क्लब ऑफ रोहतक द्वारा अपने सदस्यों के लिए एक विशेष मीट एंड ग्रीट एवं स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के उपायों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश जैन (एमडी, एलपीएस बोसार्ड) ने शिरकत की। शुरुआत में क्लब के प्रधान डॉ. एसएल वर्मा और सचिव डॉ. सुनील मुंजाल ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ व पटका भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ, जबकि मंच संचालन डॉ. सुनील मुंजाल ने प्रभावी ढंग से किया। सेमिनार में कैंसर सर्जन डॉ. रणदीप सिंह ने "कैंसर से बचाव के लिए जीवनशैली" विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि बदलती जीवनशैली, अनियमित खान-पान और तनाव कैंसर जैसी बीमारियों के प्रमुख कारण बन रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि संतुलित व पौष्टिक आहार, ताजे फल और हरी सब्जियों का सेवन, तंबाकू एवं नशीले पदार्थों से दूरी, नियमित व्यायाम व योग अपनाकर कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। साथ ही समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, पर्याप्त नींद और सकारात्मक सोच को भी जरूरी बताया। मुख्य अतिथि राजेश जैन ने कहा कि व्यस्त जीवनशैली में लोग अक्सर स्वास्थ्य की अनदेखी कर देते हैं, जो आगे चलकर गंभीर बीमारियों का कारण बनती है।

मार्केट न्यूज

### हिन्दू कॉलेज में 'विमेन हेल्थ' पर जागरूकता कार्यक्रम



रोहतक। रोहतक के हिंदू कॉलेज में "विमेन हेल्थ" विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल तनेजा ने की। कार्यक्रम में अथर्व आयुर्वेद के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संजीव मदान और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शिनी शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। सत्र का शुभारंभ सरस्वती पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। डॉ. मदान ने कहा कि महिलाएं पारिवारिक जिम्मेदारियों और युवा पीढ़ी पढ़ाई व करियर की चिंताओं के कारण अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देती हैं, जबकि स्वस्थ नारी ही स्वस्थ समाज की नींव है। इसके बाद मंच केवल महिला फैकल्टी और छात्राओं के लिए खुला रखा गया, ताकि वे खुलकर अपनी समस्याएं साझा कर सकें। डॉ. शिनी शर्मा ने मासिक धर्म, स्वच्छता और स्त्री रोगों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में पीसीओडी, फाइब्रॉयड, सिस्ट और अन्य समस्याओं पर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने लाइफस्टाइल सुधार और आयुर्वेद के महत्व पर भी जोर दिया। इस अवसर पर डॉ प्रोमिला, डॉ चित्रा शर्मा आदि के साथ कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एथलेटिक्स में मुस्कान एशियाई चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई

रोहतक। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (ए एफ आई)के द्वारा 24वीं जूनियर नेशनल (20 साल) फेडरेशन कम्पटीशन का 3 दिवसीय आयोजन महात्मा गांधी स्टेडियम तुमकुर (कर्नाटक) में 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक किया जा रहा है और इस कम्पटीशन में हरियाणा राज्य से 33 लड़की एवं 67 लडका एथलीट खिलाड़ियों सहित कुल 100 एथलीट खिलाड़ियों का दल भाग ले रहा है। सत्यवीर धनखड फरीदाबाद मीडिया प्रभारी खेल ने जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि मुस्कान सोनीपत ने 5000 मीटर दौड़ में 16 मिनट 42 सेकेंड और 88 माइक्रोन के समय साथ एशिया प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई मार्क्स को हासिल किया। एशिया क्वालिफाई मार्क्स स्टैंडर्ड समय 16 मिनट 52 सेकेंड और 54 माइक्रोन निर्धारित किया हुआ है और सोनम परमार इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड ने 16 मिनट 47 सेकेंड और 89 माइक्रोन के समय के साथ एशिया क्वालिफाई मार्क्स को अचीव कर रजत पदक जीता।





रोहतक। मुख्य अतिथि जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल सिंह चहल को सम्मानित करते विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया व अन्य।

## मॉक ड्रिलः सामाजिक-प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा व निर्णय प्रक्रिया का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग पंडित दीन दयाल उपाध्याय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रूरल डेवलपमेंट तथा पंडित दीन दयाल उपाध्याय रिसर्च चेयर के संयुक्त तत्वावधान में पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम सभा की मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत से हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने ग्राम सभा की बैठक का जीवंत प्रस्तुतीकरण करते हुए विभिन्न सामाजिक एवं प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा और निर्णय प्रक्रिया का प्रदर्शन किया, जिससे उन्हें जनभागीदारी, पारदर्शिता और निर्णय लेने की प्रक्रिया की गहरी समझ मिली। मॉक ग्राम सभा में योगेश ने सरपंच की भूमिका निभाई। पंचों की भूमिका चंचल, अंजू, काफ़ी, नैनम और पिंकी ने निभाई, जबकि गुंगुन और राशि ने पंचायत अधिकारियों की भूमिका अदा की।

## डीएवी पब्लिक स्कूल सुनारियां व पीएमश्री जेएनवी घुसकानी में बताए ट्रैफिक नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्टूडेंट कैडेट कोर कार्यक्रम के तहत पुलिस द्वारा गांव घुसकानी व सुनारियां स्थित पीएमश्री ज्वाहर नवोदय विद्यालय और डीएवी पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान ट्रैफिक प्रभारी जसबीर सिंह ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उनके साथ उप-निरीक्षक राजेश, यातायात स्टाफ और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रभारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान का उद्देश्य लोगों में यातायात नियमों के पालन की आदत विकसित करना है। उन्होंने छात्रों को समझाया कि ट्रैफिक चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए नियमों का पालन करना जरूरी है। वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें तथा मोबाइल फोन का प्रयोग बिल्कुल न करें।



## एचएम स्कूल में की बच्चों के दांतों की जांच

- स्वच्छता का महत्व बताते सही तरीके से ब्रश करना सिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



एचएम पब्लिक स्कूल में बच्चों के दंत स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक विशेष दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरकारी अस्पताल से आई विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा बच्चों के दांतों का विस्तृत चेक-अप किया गया। जांच के दौरान डॉक्टर ने बच्चों को दांतों की स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा सही तरीके से ब्रश करने के प्रभावी उपाय भी समझाए। कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य सोनिया रानी द्वारा किया गया।

### पीजीआईडीएस ने साइक्लोथॉन के जरिए दिया 'स्वस्थ मुस्कान' का संदेश

रोहतक। सामुदायिक कल्याण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज ने 'विश्व मौखिक स्वास्थ्य माह' के उपलक्ष्य में एक भव्य साइक्लोथॉन का आयोजन किया। संस्थान की प्रिंसिपल डॉ. मनु राठी ने इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को अस्पताल की दीवारों से बाहर निकालकर सीधे जनता तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. राठी ने बताया कि ऐसी रैलियां लोगों के मन से दंत चिकित्सा का डर निकालने और समय पर उपचार के प्रति जागरूक करने के लिए बेहद जरूरी हैं। संस्थान के परिसर से मेडिकल मोड़ तक निकाली गई इस साइकिल रैली में फैकल्टी, कर्मचारियों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर शारीरिक फिटनेस और दांतों की स्वच्छता का संदेश दिया। इस आयोजन में डॉ. शशि बाला, डॉ. पंकज गहलोत, डॉ. आदर्श, डॉ. विपुल, डॉ. देवेंद्र, सतीश, अनिल सहित कई पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों ने बढ़-चढ़कर शिरकत की। यह आयोजन दंत चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान के नेतृत्व और नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य के प्रति उनके समर्पण को बखूबी दर्शाता है।

## नेशनल हाईवे 334 पर टूटी दीवार बनी खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला



सांपला-गिझी बाईपास पर नेशनल हाईवे 334 की सुरक्षा दीवार का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो जाने से बड़ा खतरा पैदा हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं करवाई गई तो आगामी बरसात में हाईवे का हिस्सा धंस सकता है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। जानकारी के अनुसार, सांपला से गिझी की ओर जाने वाले बाईपास के कुछ हिस्सों में दीवार खंडित हो चुकी है। पिछले वर्ष जुलाई-अगस्त में हुई भारी बारिश के दौरान क्षेत्र में जलभराव की गंभीर स्थिति बन गई थी। कस्बे के बाहरी इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हो गए थे और सोनीपत-झज्जर मार्ग से जुड़े इस हाईवे के दोनों ओर बनी सर्विस रोड पर पानी भर गया था, जो कई महीनों तक लगभग मार्च तक जमा रहा।




**विमोचन** पं. भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय में हुआ विशेष कार्यक्रम

# यूएचएसआर हेल्थ बुलेटिन से संस्थान की हर उपलब्धि अब जनता के सामनेः डॉ. अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। बुलेटिन का विमोचन करते कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल, कुलसचिव डॉ. रूप सिंह और निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल व अन्य डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय ने पारदर्शिता और जन-जागरूकता की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए शुक्रवार को अपने प्रथम 'हेल्थ बुलेटिन' का अनावरण किया। कुलपति कार्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल ने डिजिटल बटन दबाकर इस बुलेटिन का विमोचन किया।

इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि यह बुलेटिन विश्वविद्यालय के कार्यों, योजनाओं और उपलब्धियों का एक पारदर्शी दर्पण बनेगा, जो सीधे तौर पर समाज और संस्थान के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेगा। डीन छात्र कल्याण डॉ. सविता सिंघल के दिशा-निर्देशन में तैयार यह बुलेटिन न केवल बीमारियों से बचाव के तरीकों की जानकारी देगा, बल्कि संस्थान में हो रहे शोध, नई परियोजनाओं और अकादमिक गतिविधियों का लेखा-जोखा भी जनता के सामने रखेगा। कुलपति डॉ. अग्रवाल ने कहा कि इलाज से बड़ा विश्वास होता है और यह विश्वास तभी आता है जब लोगों के पास सही जानकारी हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के 'स्वस्थ हरियाणा, सक्षम हरियाणा' के सपने को पूरा करने के लिए यह आवश्यक है कि प्रदेश का हर नागरिक अपने सबसे बड़े चिकित्सा संस्थान में उपलब्ध नवीनतम तकनीकों और सुविधाओं से परिचित हो। यह बुलेटिन केवल एक पुस्तक नहीं बल्कि जागरूकता का एक आंदोलन है, जो पीजीआईएमएस के हर दिन बेहतर होते स्वरूप को घर-घर तक पहुंचाएगा।

यह बुलेटिन अब हर तिमाही प्रकाशित किया जाएगा और इसकी डिजिटल प्रति विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी ताकि अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें।

**सफल प्रकाशन के पीछे एक बेहद अनुभवी और सक्षम टीम का योगदान**

इस बुलेटिन के सफल प्रकाशन के पीछे एक बेहद अनुभवी और सक्षम टीम का योगदान है। मुख्य संरक्षक के रूप में कुलपति प्रो. डॉ. एच.के. अग्रवाल के मार्गदर्शन में कुलसचिव डॉ. रूप सिंह, निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल और डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. एम.जी. वशिष्ठ संरक्षक की भूमिका निभा रहे हैं। बुलेटिन की रूपरेखा और प्रकाशन का मुख्य जिम्मा परामर्श संपादक डॉ. सविता रानी सिंघल को सौंपा गया है, जबकि संपादन का कार्य डॉ. उर्मिल चावला और डॉ. रुचि सिंघल देख रही हैं। इस टीम को डॉ. मधु शर्मा, डॉ. आरती, डॉ. वरुण अरोड़ा और डॉ. उमेश यादव जैसे अनुभवी सह-संपादकों का सहयोग प्राप्त है।

### 'संस्थान गाइड' की तरह काम करेगा

कुलसचिव डॉ. रूप सिंह और निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल ने संस्थान की जिम्मेदारी को रेखांकित करते हुए कहा कि एक चिकित्सा विवि का कर्तव्य केवल डॉक्टर बनाना नहीं, बल्कि अपनी मासिक प्रगति और बड़ी सफल सर्जरी जैसी उपलब्धियां समाज तक पहुंचाना भी है। यह बुलेटिन मरीजों के लिए एक 'संस्थान गाइड' की तरह काम करेगा।

### तनाव-मुक्त शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए ध्यान पर विशेष व्याख्यान

रोहतक। एमडीयू के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग में तनाव-मुक्त शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए ध्यान विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. शालिनी सिंह ने की और उन्होंने मुख्य वक्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में हर आयु वर्ग के लोग तनाव से जूझ रहे हैं, जो एक गंभीर सामाजिक व मानसिक चुनौती बनता जा रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि हमें अपने दैनिक कार्य बिना तनाव के करने चाहिए तथा खाली समय में संगीत और अन्य सकारात्मक गतिविधियों को अपनाकर मानसिक संतुलन बनाए रखना चाहिए, ताकि जीवन में खुशहाली बनी रहे। मुख्य वक्ता सुनीता अरोड़ा, वाइस प्रिंसिपल, गवर्नमेंट कॉलेज, कैथल ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं में तनाव का स्तर लगातार बढ़ रहा है, जिसे नियंत्रित करना बेहद जरूरी है।

## नीट यूजीः 3 मई को दोपहर 2 से 5 बजे तक होगा एग्जाम

# 17 केंद्रों पर 5307 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिले में परीक्षा के लिए 17 केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां 5307 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा 3 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक ऑफलाइन मोड में आयोजित होगी। परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा, इसके बाद गेट बंद कर दिए जाएंगे। शुक्रवार को सीएम नायाब सैनी से वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिला स्तर पर बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और जैमर समय पर स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित रहे। प्रत्येक केंद्र पर सुरक्षा जांच के लिए पर्याप्त प्रबंध किए जाएंगे। परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, शौचालय, बिजली और अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रश्न पत्रों की सुरक्षित ढुलाई के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए जाएंगे। इस



**रोहतक।** नीट (यूजी) परीक्षा की तैयारियों के लिए समीक्षा बैठक में मौजूद उपायुक्त सचिन गुप्ता, एसपी व अन्य अधिकारी।

मौके पर राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के निदेशक अभिषेक सिंह के अनुसार, परीक्षा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। बायोमेट्रिक सत्यापन की सुविधा को दोगुना किया गया है और प्रत्येक 100 परीक्षार्थियों पर एक सुरक्षा जांच बॉक्स लगाया जाएगा। 48 परीक्षार्थियों के लिए एक बायोमेट्रिक मशीन उपलब्ध रहेगी। 30 अप्रैल तक सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी, जैमर और अन्य उपकरण पहुंचा दिए जाएंगे। परीक्षा के दिन दोपहर 1:45 बजे जैमर सक्रिय किए जाएंगे, ताकि बायोमेट्रिक प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए।

# अब बोहर में होगा हाथी और घोड़ों का इलाज

## गांववासियों को आधुनिक पशु अस्पताल की मिली सौगात

### पार्षद मनीषा नांदल ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वार्ड-10 के अंतर्गत आने वाले बोहर गांव के लिए शुक्रवार का दिन एक बड़ी सौगात लेकर आया। गांव में 85 लाख रुपये की भारी-भरकम लागत से बनकर तैयार हुए नवनिर्मित राजकीय पशु अस्पताल का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर पार्षद मनीषा नांदल और मारुति कंपनी के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर अस्पताल को जनता और पशुपालकों को समर्पित किया। इस आधुनिक अस्पताल के शुरू होने से न केवल बोहर गांव बल्कि आसपास के क्षेत्रों के पांच हजार से ज्यादा पशुओं को बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी।

85 लाख की लागत से तैयार हुआ संस्थान



**राहत : बीमार पशुओं को लेकर दूर-दराज के शहरों में भटकना नहीं पड़ेगा**

यह अस्पताल क्षेत्र के उन पशुपालकों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है जिन्हें पहले अपने बीमार पशुओं को लेकर दूर-दराज के शहरों में भटकना पड़ता था। इस अस्पताल की सबसे बड़ी विशेषता इसकी आधुनिक तकनीक और विस्तृत उपचार क्षमता है। अब तक ग्रामीण क्षेत्रों में केवल गाय और भैंसों के इलाज की सुविधा ही उपलब्ध हो पाती थी, लेकिन बोहर का यह नया राजकीय अस्पताल आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से लैस है। यहां अब गाय-भैंस के साथ-साथ घोड़े और हाथियों जैसे बड़े पशुओं का भी सुचारू रूप से इलाज संभव हो पाएगा। ऑपरेशन थिएटर से लेकर जांच लैब तक की सुविधाओं को इस तरह डिजाइन किया गया है कि गंभीर रूप से घायल या बीमार बड़े पशुओं को भी यहां राहत मिल सके। इस अवसर पर समाजसेवी सुमित नांदल, पूर्व पार्षद जयभगवान ठेकेदार, बलराज प्रधान, रमन नांदल समेत गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पशुपालकों का सपना हुआ सच : नांदल

पार्षद मनीषा नांदल ने कहा, हमारे वार्ड के पशुपालकों का एक बड़ा सपना सच हुआ है। बोहर गांव में इस आधुनिक अस्पताल का निर्माण हमारी उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसके तहत हम ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करना चाहते हैं। 85 लाख की लागत से तैयार यह संस्थान न केवल पशुओं के स्वास्थ्य की रक्षा करेगा, बल्कि हमारे किसान भाइयों की आर्थिक स्थिति को भी संबल देगा, क्योंकि पशुधन ही उनकी असली पूंजी है। हम मारुति कंपनी का भी आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने इस पुनीत कार्य में सहयोग दिया। मेरा लक्ष्य हमेशा से वार्ड-10 के हर वर्ग की समस्याओं का समाधान करना रहा है और भविष्य में भी हम ऐसे विकास कार्यों को प्राथमिकता देते रहेंगे।

थमी रफ्तार
जाम का
जंजाल

## अतिक्रमण और अव्यवस्था ने घोंटा व्यवस्था का दम

# ट्रैफिक से कराह रहा शीला बाइपास रोजाना थम जाती है शहर की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरिभूमि सरोकार

शीला बाइपास अब शहर की सबसे गंभीर ट्रैफिक समस्या के रूप में उभरकर सामने आया है, जहां हर दिन हजारों लोग जाम की मार झेलने को मजबूर हैं। दिल्ली, हिसार और सोनीपत को जोड़ने वाला यह प्रमुख चौराहा पीक आवर्स में 'जाम चौक' में तब्दील हो जाता है और दिनभर ट्रैफिक से कराहता रहता है। यहां रोजाना शहर की रफ्तार थम जाती है। हालात इतने खराब हैं कि यहां से गुजरने में 30 मिनट से लेकर एक घंटे तक का समय लग जाता है। ऑफिस जाने वाले कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के छात्र, मरीज और आम नागरिक सभी इस अव्यवस्था से प्रभावित हैं। समस्या की जड़ में पार्किंग की कमी, अव्यवस्थित ऑटो स्टैंड और सड़क किनारे बढ़ता अतिक्रमण है, जिसने यातायात की रफ्तार को थाम दिया है। आसपास कोचिंग सेंटर और अस्पताल होने के कारण दबाव और बढ़ जाता है। लगातार शिकायतों के बावजूद ठोस समाधान न निकलने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सुबह-शाम के समय यह समस्या और विकराल रूप ले लेती है। ऑफिस जाने वाले कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के छात्र, मरीज और आम राहगीर सभी इस जाम में फंसकर परेशान होते हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत उन लोगों को होती है जो अस्पताल जाने के लिए इसी रास्ते का इस्तेमाल करते हैं।

### रोहतक का सबसे व्यस्त चौराहा बना सबसे बड़ी समस्या




- पार्किंग और बेहतर प्लानिंग नहीं होने से घंटों फंसे रहते हैं लोग
- दिल्ली, हिसार और सोनीपत को जोड़ने वाला यह प्रमुख चौराहा

### सड़क बनी अस्थायी स्टैंड

शीला बाइपास पर सबसे बड़ी समस्या यह है कि यहां कहीं भी सुनियोजित पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। नतीजतन लोग अपने वाहन सड़क किनारे ही खड़े कर देते हैं। कई जगह तो सड़क ही अस्थायी पार्किंग में तब्दील हो चुकी है, जिससे यातायात के लिए जगह और कम हो जाती है।

### अव्यवस्थित ऑटो स्टैंड बड़ी वजह

लोगों के अनुसार शीला बाइपास पर अव्यवस्थित ऑटो स्टैंड जाम की मुख्य वजहों में से एक है। ऑटो चालक सवारी भरने के लिए सड़क के बीचों-बीच खड़े हो जाते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। इसके अलावा आसपास की दुकानों द्वारा किया गया अतिक्रमण भी समस्या को और बढ़ा रहा है। दुकानदारों ने सड़क किनारे अपना सामान फैलाकर जगह घेर रखी है, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो गई है।

### कोचिंग सेंटर और अस्पताल की भीड़

इस क्षेत्र में कई कोचिंग सेंटर और एक प्रमुख अस्पताल होने के कारण दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। अभिभावक अपने बच्चों को छोड़ने और लेने के लिए वाहन सड़क पर ही खड़े कर देते हैं, जिससे जाम की स्थिति और बिगड़ जाती है। वहीं अस्पताल के बाहर भी वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलती हैं।

### ट्रैफिक व्यवस्था नाकाफी

हालांकि ट्रैफिक पुलिस की तैनाती यहां समय-समय पर की जाती है, लेकिन बढ़ते वाहन दबाव के सामने यह व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है। कई बार बिना ट्रैफिक पुलिस के ही लोग अपने-अपने हिसाब से वाहन निकालने की कोशिश करते हैं, जिससे स्थिति और अव्यवस्थित हो जाती है।

### जाने क्या हो सकता है समाधान

यदि इस चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल को प्रभावी बनाया जाए, ऑटो स्टैंड को निर्धारित स्थान पर शिफ्ट किया जाए, पार्किंग के लिए अलग स्थान विकसित किया जाए और अतिक्रमण हटाने की सख्त कार्रवाई की जाए, तो जाम की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है। इसके अलावा पीक टाइम में अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस की तैनाती भी जरूरी है।

### लोगों में रोष, समाधान हो

नागरिकों और वाहन चालकों में इस समस्या को लेकर काफी रोष है। उनका कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि शीला बाइपास पर स्थायी ट्रैफिक व्यवस्था लागू की जाए, अवैध अतिक्रमण हटाया जाए और ऑटो स्टैंड को व्यवस्थित किया जाए।

## खबर संक्षेप

### समय पर प्लेटलेट्स दान से बची मरीज की जान, स्वैच्छिक रक्तदाता आनंद बने मिसाल

**रोहतक।** में स्वैच्छिक रक्तदान का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। सिरा खेड़ी (सोनीपत) निवासी आनंद ने पीजीआई के लेबर वार्ड में भर्ती एक गंभीर मरीज के लिए 'सिंगल डोनर प्लेटलेट्स' (एसडीपी) दान किए। मरीज 'प्लेसेंटा प्रीविया' से पीड़ित थी और उसकी आपातकालीन सिजेरियन सर्जरी होनी थी। जांच में प्लेटलेट्स की संख्या बेहद कम (10,000/μL) पाई गई, जिससे सर्जरी के दौरान जानलेवा रक्तस्राव का खतरा था।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आनंद ने तुरंत आगे आकर एसडीपी दान किया, जिससे मरीज की स्थिति स्थिर हुई और सर्जरी सफलतापूर्वक हो सकी। यह प्रक्रिया डॉ. गजेंद्र सिंह, डॉ. आशना और लैब टेक्नीशियन सुनील सिहाग की देखरेख में पूरी हुई। ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग ने इस नेक कार्य की सराहना करते हुए इसे दूसरों के लिए प्रेरणादायक बताया।



### एलएन हिंदू कॉलेज में भारतीय संविधान पर क्विज प्रतियोगिता में गगन रहा प्रथम



**रोहतक।** एल.एन. हिंदू कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा "भारतीय संविधान" विषय पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा के निर्देशन में तथा विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी कुमारी और डॉ. प्रमिला यादव के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. तनेजा के प्रेरक संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे विस्तृत और सशक्त संविधान है, जो नागरिकों को अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी कुमारी ने संविधान को देश की आत्मा बताते हुए कहा कि यह हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करता है। तियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडल डॉ. प्रमिला यादव, डॉ. सुमित कुमारी दहिया और डॉ. पूजा चावला द्वारा किया गया। परिणामों में गगन (बीए द्वितीय वर्ष) ने प्रथम स्थान, पलक (बीए तृतीय वर्ष) और पंकज (बीसीए प्रथम वर्ष) ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान, जबकि अजय और आराधना (बीए प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में डॉ. प्रमिला यादव ने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. रीना, मि. प्रवेश और मि. परवीन सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

### एआई विनियमन व नवाचार आधारित शिक्षा पर जोरः प्रो. नसीब सिंह गिल

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नसीब सिंह गिल ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों को नवाचार और शोध के माध्यम से आइडिया से प्रोडक्ट तक की प्रक्रिया को मजबूत करना होगा, ताकि समाज की जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा किया जा सके। वे आईआईटीएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। उन्होंने जिम्मेदार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस के लिए भारत में स्पष्ट नियमों की आवश्यकता पर जोर देते हुए क्लाउड कंप्यूटिंग, आईओटी, ब्लॉकचेन, 3डी प्रिंटिंग, 6जी और एजेंटिक एआई जैसे उभरते तकनीकी रुझानों का उल्लेख किया। साथ ही बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता जताते हुए साइबर सुरक्षा को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर एमडीयू के कंप्यूटर सेंटर के निदेशक प्रो. युद्धवीर सिंह अतिथि-विशेष के रूप में उपस्थित रहे।



### दो पक्षों में विवाद, युवती से की मारपीट

**रोहतक।** रोहतक के गांव मौखरा में दो पक्षों के बीच विवाद के बाद हिंसक घटना सामने आई है। खेत से लौट रही युवती रिंपी को रास्ते में 8 से 10 युवकों ने रोककर गाली-गलौज की और मारपीट की। किसी तरह वह जान बचाकर घर पहुंची। आरोप है कि देर रात आरोपी उसके घर में घुस आए और हंगामा किया। उन्होंने घर के बाहर खड़ी बाइक और अन्य सामान में तोड़फोड़ की। घटना से परिवार दहशत में है और गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आयकर कार्यालय में कर्मचारियों का संयुक्त धरना

**रोहतक।** आयकर विभाग के प्रधान आयुक्त (आरटीके) कार्यालय में कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा अपनी लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर संयुक्त धरना आयोजित किया गया। धरने में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और समाधान की मांग की। धरने के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि उनकी विभिन्न मांगें लंबे समय से लंबित हैं, जिन पर अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने विभागीय प्रशासन से जल्द समाधान करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने शांतिपूर्वक अपनी एकजुटता दिखाई और संबंधित अधिकारियों तक अपनी आवाज पहुंचाने का प्रयास किया। कर्मचारियों का कहना था कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर प्रयासरत हैं, लेकिन अब तक उन्हें अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं।



### बनियानी हत्याकांड मामले में फरार आरोपित अरुण गिरफ्तार

**रोहतक** पुलिस ने गांव बनियानी में होली के दिन हुए झगड़े में विक्रम की हत्या के मामले में एक और फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अरुण को अदालत में पेश किया गया, जबकि मामले की गहनता से जांच जारी है। पुलिस प्रवक्ता मनीष के अनुसार, 5 मार्च को साहिल निवासी बनियानी की शिकायत पर थाना कलानौर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 4 मार्च को साहिल अपने दोस्त सतीश के साथ मोटरसाइकिल पर होली खेलकर पटवापुर की ओर से लौट रहे थे। रास्ते में भगवान दास कंपनी के पास निशांत अपनी मोटरसाइकिल खड़ी किए हुए था। साहिल द्वारा रास्ता खाली करने को कहने पर निशांत, उसके परिजनों और अन्य युवकों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। साहिल को बचाने पहुंचे उसके साथी विक्रम और बंटी पर भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 6 मार्च को विक्रम की मौत हो गई। इसके बाद मामले में हत्या की धारा जोड़ दी गई। पुलिस ने 23 अप्रैल को आरोपी अरुण को गिरफ्तार किया। जांच में यह भी सामने आया है कि झगड़े के दौरान आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया था। अब तक 14 अन्य आरोपी गिरफ्तार होकर जेल में बंद हैं। मामले की जांच जारी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**समस्या** ड्रेनेज व्यवस्था की खामी से बढ़ी समस्या, महीनों तक नहीं सूखता पानी

- बच्चों और बुजुर्गों के लिए पार्क बना महत्वहीन, खत्म हो रही रौनक
- नगर निगम से स्थायी समाधान की मांग, लोग सुधार की राह देख रहे

# सेक्टर-2 का पार्क थोड़ी सी बरसात होते ही बन जाता है तालाब, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के सेक्टर-2 में स्थित पार्क इन दिनों अपनी हरियाली से ज्यादा जलभराव की समस्या के लिए जाना जाने लगा है। बरसात का मौसम आते ही यह पार्क बच्चों के खेलने की जगह नहीं, बल्कि पानी से भरा एक छोटा तालाब बन जाता है। पार्क का लेवल आसपास की सड़कों और नालों से नीचा होने के कारण बारिश का पानी यहां आकर जमा हो जाता है, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थिति इतनी गंभीर है कि कई बार मानसरोवर पार्क स्थित शहर के पुराने जलघर (वॉटर वर्क्स) में जाने वाला पानी भी ओवरफ्लो होकर पार्क में घुस जाता है। इससे न केवल पानी लंबे समय तक जमा रहता है, बल्कि बदबू और मच्छरों की समस्या भी बढ़ जाती है। इस समय पार्क के कुछ हिस्से में पानी भरा हुआ है। गत जनवरी-फरवरी के महीनों में भी हालात चिंताजनक रहे, जब लगभग पूरे महीने पार्क पानी से भरा रहा। सर्दी के मौसम में भी जलभराव का बने रहना यह संकेत देता है कि समस्या केवल बारिश तक सीमित नहीं है, बल्कि जल निकासी व्यवस्था में स्थायी खामी है।

**ओवरफ्लो होकर पार्क में घुस जाता है पानी**

### स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ रहे

कमलेश और अन्य लोगों का कहना है कि पार्क का उपयोग अब लगभग खत्म हो चुका है। बच्चे खेलने नहीं जा पाते, बुजुर्ग टहल नहीं सकते। हर बार पानी भर जाता है और कई दिनों तक सूखता ही नहीं," उन्होंने बताया। लोगों का यह भी कहना है कि गंदे पानी के कारण स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ रहे हैं, खासकर डेंगू और मलेरिया जैसे रोगों का डर बना रहता है। लोगों ने नगर निगम से कई बार इस समस्या के समाधान की मांग की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का सुझाव है कि पार्क में पर्याप्त मात्रा में मिट्टी डालकर इसका लेवल ऊंचा किया जाए, ताकि बारिश या ओवरफ्लो का पानी अंदर न घुस सके। साथ ही, उचित ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने की भी आवश्यकता है, जिससे पानी की निकासी समय पर हो सके। लोगों का मानना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले मानसून में हालात और खराब हो सकते हैं। पार्क, जो कभी सामाजिक गतिविधियों और बच्चों के खेल का केंद्र था, अब उपेक्षा का शिकार बन गया है।



### नगर निगम के लिए महत्वपूर्ण चुनौती

नगर निगम के लिए यह एक छोटी लेकिन महत्वपूर्ण चुनौती है। यदि पार्क का स्तर सुधारकर जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त कर दी जाए, तो न केवल लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि क्षेत्र की सुंदरता और उपयोगिता भी वापस लौट सकती है। फिलहाल, सेक्टर-2 पार्ट के लोग आसमान की ओर नहीं, बल्कि प्रशासन की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं।